हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय

Central University of Himachal Pradesh

अस्थायी शैक्षणिक खंड, शाहपुर, जिला - कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश - 176206

TAB CAMPUS, SHAHPUR, DISTRICT KANGRA, HIMACHAL PRADESH – 176206

दिनांक : 29-03-2017

डॉ. बाबा साहिब अम्बेडकर राष्ट्रीय निबन्ध प्रतियोगिता
(केवल पंजाबी भाषा में)

बढ़ाई हुई अंतिम तिथि – 15 मई 2017

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला, भारत सरकार के दिल्ली स्थित आम्बेडकर प्रतिष्ठान की ओर से पंजाबी भाषा में **अखिल भारतीय डॉ. आम्बेडकर राष्ट्रीय निबन्ध प्रतियोगिता, 2017** का आयोजन कर रहा है । इस निबन्ध प्रतियोगिता में देश भर के मान्यता प्राप्त विद्यालयों/ महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों/ शिक्षा संस्थानों के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं ।

निबन्ध प्रतियोगिता का विषय :- **डा० भीम राव अम्बेडकर के जीवन एवं चिन्तन** के किसी भी पक्ष पर निबन्ध लिखा जा सकता है । लेकिन उनकी जीवनी मात्र को निबन्ध में शामिल नही किया जायेगा ।

सर्वश्रेष्ठ निबन्धों को नकद पुरस्कार तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया जायेगा । निबन्ध भेजने की **बढ़ाई हुई अंतिम तिथि अब 15 मई, 2017** है ।

निबन्ध प्रतियोगिता के नियम व शर्तें:

प्रतियोगिता के नियम एवं शर्तें इस प्रकार हैं:-

1. प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा ।
2. निबन्ध कम से कम 1500 और अधिक से अधिक 2000 शब्दों तक का होना चाहिए ।
3. प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक ही निबन्ध जमा करा सकता है ।
4. निबन्ध **पंजाबी भाषा में ही** लिखा होना चाहिए ।
5. निबन्ध जमा करने का अर्थ है कि प्रतिभागी को प्रतियोगिता के नियम स्वीकार्य हैं ।
6. आयोजकों को ऐसी प्रविष्टियों को अस्वीकार करने का अधिकार होगा, जो इन दिशा-निर्देशों के अनुकूल नही होंगे ।
7. किसी भी विवाद की स्थिति में डॉ. अम्बेडकर पीठ का निर्णय अंतिम और सबको मान्य होगा ।
8. सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र तथा ईनाम जीतने वाले प्रतिभागियों को नगद ईनाम एवं प्रमाण-पत्र दिये जायेंगे ।
9. प्रतियोगिता में 10+2, स्नातक, स्नात्कोतर, एम०फिल एवं पी०एच०डी० के विधार्थी भाग ले सकते हैं ।
10. प्रतिभागियों की कनिष्ठ एवं वरिष्ठ दो श्रेणियां होंगी । कनिष्ट श्रेणी में 10+2 के छात्र एवं वरिष्ठ श्रेणी में स्नातक, स्नातकोत्तर, एम०फिल तथा पी०एच०डी० तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं ।
11. प्रत्येक प्रतिभागी को निबन्ध के साथ अपने शिक्षा संस्थान की ओर से यह प्रमाणपत्र देना होगा कि वह संस्थानका नियमित छात्र है और अमुक शिक्षा संस्थान मान्यता प्राप्त है ।

नकद पुरस्कार एवं विजेता प्रमाणपत्र:

	वरिष्ठ श्रेणी	**कनिष्ठ श्रेणी**
प्रथम पुरस्कार	15,000/-	10,000/-
द्वितीय पुरस्कार	10,000/-	5,000/-
तृतीय पुरस्कार	5,000/-	2,500/-

अंतिम तिथि:

निबन्ध भेजने की **बढ़ाई हुई अंतिम तिथि अब 15 मई, 2017** है ।

सम्पर्क/ निबन्ध भेजने का पता :

डॉ. अम्बेडकर पीठ,
हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय,
कैंप कार्यलय, नजदीक HPCA क्रिकेट स्टेडियम, धर्मशाला
जिला काँगड़ा (हि०प्र०)-176215
वेबसाइट: www.cuhimachal.ac.in